रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1610] नई दिल्ली, बुधवार, जून 7, 2017/ज्येष्ठ 17, 1939
No. 1610] NEW DELHI, WEDNESDAY, JUNE 7, 2017/JYAISTHA 17, 1939

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 7 मई, 2017

का.आ. 1817(अ).—प्रारुप अधिसूचना भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1166 तारीख 21 मार्च, 2016 द्वारा भारत के राजपत्र असाधारण में प्रकाशित की गई थी जिसमें उन सभी व्यक्तियों से, जिनको उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना की राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर, आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना के प्रत्युत्तर में व्यक्तियों और पणधारियों से कोई आक्षेप और सुक्षाव प्राप्त नही हुए है;

और, अमचांग वन्यजीव अभयारण्य, असम राज्य के कामरूप जिले में स्थित है, यह अमचांग आरक्षित वन, दक्षिण अमचांग आरक्षित वन और खानापाडा आरक्षित वन से मिलकर बना है तथा 26° 13′ उ से 26° 06′ उ अक्षांश और 91° 50′ पू से 91° 58′ देशांतर की भौगोलिक सीमाओं में अवस्थित है और 78.64 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है ;

और, अभयारण्य का मुख्य भाग छोटी पहाड़ियों से तरंगी और ढंका हुआ है जो अद्वितीय वन्यजीव निवास के साथ अद्वितीय भू-आकृति विज्ञान सुविधा के लिए है । अमचांग वन्यजीव अभयारण्य पशुओं और पौधों की प्रजातियों की व्यापक विविधता के लिए समृद्ध और विविध पारिस्थितिक आवासों में से एक का प्रतिनिधित्व करता है । वन्यजीव अभयारण्य में मुख्य पशुओं में हुलांक उतक, चीन साल, सूरज-भगत, असमिया लघु पुच्छ वानर, केपड लंगूर, लजीला वानर, तेंदुआ, हाथी, सांभर, मुंजक, गौर आदि पाए जाते हैं । वन्यजीव अभयारण्य में पक्षी जीवजंतु, सरीसृपों, उभयचरों और कीड़े मकोड़े की विस्तृत विविधता पाई जाती है ।

और, अभयारण्य गुवाहाटी शहर की पूर्वी सीमा पर अवस्थित है तथा सीमांत क्षेत्रों में जैविक दबाव में वृद्धि से अभयारण्य का पर्यावास प्रभावित हो सकता है ।

और, अमचांग वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गों के प्रचालन तथा प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, इसलिए, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, असम राज्य में अमचांग वन्यजीव अभयारण्य के क्षेत्र को अमचांग वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं.-**

(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन 109.99 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है और इसका विस्तार अमचांग वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 170 मीटर से 8.1 वर्ग किलोमीटर तक है (छावनी क्षेत्र की उपस्थिति के कारण पश्चिम की ओर पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा शून्य है) और उस जोन की सीमा का वर्णन **उपाबंध I** के रुप में दिया गया है ।

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन में आने वाले 37 ग्रामों की सूची **उपाबंध II** के रुप में उपाबद्ध है ।

3. अक्षांश और देशांतर सहित पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र **उपाबंध III** के रुप में उपाबद्ध है ।

2. **पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना –** (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में संलग्न अनुबंधों के सामंजस्य से आंचलिक महायोजना तैयार करेगी ।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना इस तरह, इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रूप तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के सामंजस्य और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(3) आंचलिक महायोजना, पर्यावरणीय और पारिस्थितिक विचारों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के सभी संबद्ध विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि;

(iv) राजस्व;

(v) नगर विकास;

(vi) पर्यावरण;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिका;

(x) पंचायती राज;

(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में और अधिक दक्षता और पारिस्थितिक अनुकूलता का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिक और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलूओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(6) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और शहरी बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी और इस योजना के मानचित्र द्वारा विद्यमान और प्रस्तावित भूमि के उपयोग का भी विवरण किया जाएगा।

(7) आंचलिक महायोजना स्थानीय समुदायों की जीवकोपार्जन को सुनिश्चित करने के लिए भी पारिस्थितिक संवेदी जोन में विकास को पारिस्थितिक अनुकूल विकास के लिए सारणी के सूचीबद्ध क्रियाकलाप विनियमित करेगी।

(8) आंचलिक महायोजना क्षेत्रीय विकास योजना के साथ सह-अंतक होगी।

(9) आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना में दिए गए उपबंधों के अनुसार में अपने कार्यों के बाहर ले जाने के लिए निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार, इस अधिसूचना के उपबंधों को लागू करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:--

(1) **भू-उपयोग –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों और आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का प्रमुख वाणिज्यिक या प्रमुख आवासीय परिसर या औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं किया जाएगा। मानचित्र के साथ आंचलिक महायोजना में स्पष्ट रूप से क्षेत्रों को निर्धारित किया गया है:

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि का संपरिवर्तन निगरानी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम के तहत सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के साथ और केन्द्रीय/राज्य सरकार के अन्य नियमों और विनियमों के रूप में लागू होंगे, जो स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए है, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योग जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुविधाएं सहायक पारिस्थितिक पर्यटन गृह वास सम्मिलित है; और

(v) संवर्धित क्रियाकलाप और अनुच्छेद 4 के अधीन दिए गए हैं:

परंतु यह और भी किसी जनजातीय भूमि का उपयोग राज्य सरकार के संबद्ध राज्य विधियों और अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन तथा संविधान के अनुच्छेद 244 प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, या तत्समय प्रवृत्त विधि जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को देनी होगी।

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा।

(ख) वनीकरण तथा वास जीर्णोद्धार क्रियाकलापों सहित अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल निकाय**.- आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों, नदियों, चैनलों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी।

(3) **पर्यटन/ पारिस्थितिक-पर्यटन –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे जो कि आंचलिक महायोजना के भाग रूप में होगी ।

(ख) पारिस्थितिक पर्यटन महायोजना, पर्यावरण और वन के राज्य विभागों के परामर्श , पर्यटन विभाग द्वारा तैयार किया जाएगा ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में जाना जायेगा ।

(घ) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलाप से संबंधित पर्यटकों के अस्थायी अधिभोग के लिए वास सुविधा के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर तक या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक इनमें जो भी निकट है, नये वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात नहीं होंगे। परंतु, जहाँ पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार एक किलोमीटर से ज्यादा है वहाँ, एक किलोमीटर से परे और पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक सभी नए पर्यटक क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलाप का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुसार होगा;

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिक पर्यटन (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार, पारिस्थितिक पर्यटन, पारिस्थितिक शिक्षा और पारिस्थितिक विकास को महत्व देते हुए पारिस्थितिक संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन पर आधारित होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन का विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकारियों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नए होटल/रिसार्ट या वाणिज्यिक स्थापन का संनिर्माण अनुज्ञात नहीं है ।

(4) **नैसर्गिक विरासत-** पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में परिरक्षण और संरक्षण के लिए एक विरासत संरक्षण योजना तैयार की जाएगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और आंचलिक महायोजना के एक भाग के रुप में उनके परिरक्षण और संरक्षण के लिए एक विरासत संरक्षण योजना तैयार की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण –** पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 तथा उनके संशोधनों के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 की अनुपालना में होगा ।

(7) **वायु प्रदूषण -** पारिस्थितिक संवेदी जोन वायु प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम 1981 (1981 का 14) तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों और उनके संशोधनों की अनुपालना में होगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण --** पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों या राज्य सरकार द्वारा उपदर्शित मानकों और उनके संशोधनों, इनमें जो भी अधीन कठोर हो, की अनुपालना में पर्यावरणीय प्रदूषकों के निस्सारण के लिए साधारण मानकों के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट** -- ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा--

(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट और प्रबंधन समय-समय पर संशोधित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, जो भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 द्वारा प्रकाशित किए गए थे और अकार्बनिक सामग्री का निपटान पर्यावणीय रुप से स्वीकार्य रीति में पारिस्थितिक संवेदी जोन से बाहर पहचान किए गए स्थल पर किया जाएगा ;

(ख) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट और भूमि भराई स्थापना कोई ज्वलन या भस्मीकरण अनुज्ञात नहीं होगा ।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट**.-जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा—

(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कोई सामान्य उपचार सुविधा या भस्मीकरण करना अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **इलैक्ट्रानिकी–अपशिष्ट:-** पारिस्थितिक संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय परिवहन: -** परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध नियमित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा के अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति प्रवृत्त नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण:-** विधियों के अनुसार वाहन प्रदूषण की निवारण और नियंत्रण का अनुपालन किया जाएगा। स्वच्छक ईंधन के उपयोग के लिए किए गए प्रयास उदाहरण के लिए सीएनजी, एलपीजी, आदि हैं ।

(16)**औद्योगिक ईकाइयां: -** (i) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन के पश्चात या प्रकाशन में, पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषित उद्योगों की स्थापना की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(ii) केवल गैर प्रदूषण उद्योग, फरवरी, 2016 में जारी मार्गदर्शक सिद्धांत में उद्योगों के वर्गीकरण अनुज्ञा दी जाएगी जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो और इसके अतिरिक्त, गैर प्रदूषित उद्योगों को संवर्धक किया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण: -** पहाड़ी ढलानों के संरक्षण के निम्नानुसार होगा:

(क) आंचलिक महायोजना पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों का संकेत होगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(18) यदि यह आवश्यक समझता है, इस अधिसूचना के उपाबंधों को प्रभावी करने में केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपायों विनिर्दिष्ट करेगा।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन 2011 और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 के 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 के 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 के 53) संशोधनों सहित द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्र. सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन ।	(क) सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय नहीं होंगी ; (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वदा प्रचालन होगा ।
2.	जल या वायु या मृदा या ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों सहित नए तेल और गैस अन्वेषण उद्योगों की स्थापना ।	कोई नई या पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के विस्तार की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी। पारिस्थितिक संवेदी जोन के केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में फरवरी, 2016 के भीतर सिर्फ गैर- प्रदूषित उद्योगों की स्थापना के वर्गीकरण की अनुज्ञा दी जाएगी, जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो।
3.	बृहत जल विद्युत परियोजना और सिंचाई परियोजना की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित प्रवाह के निर्वहन ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
6.	ठोस अपशिष्ट निपटान स्थल की स्थापना और सामान्य जलाए जाने की सुविधा के लिए ठोस और जैव चिकित्सा अपशिष्ट।	पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट निपटान की कोई नई ठोस अपशिष्ट निपटान स्थल और अपशिष्ट उपचारित/प्रसंस्करण सुविधा की अनुज्ञा नहीं है। इसके अतिरिक्त औद्योगिक प्रक्रिया और स्वास्थ्य प्रतिष्ठान/अस्पतालों आदि से उत्पन्न किसी भी ठोस अपशिष्ट के उपचार के लिए सामान्य या व्यक्तिगत भष्मीकरण की सुविधा प्रतिषिद्ध है ।
7.	फर्मों, कॉर्पोरेट, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय जरूरतों को पूरा करने के लिए लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।

8.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
9.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
10.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
11.	प्लास्टिक के थैलों का उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
	ख. विनियमित क्रियाकलाप	
12.	होटलों और रिसोर्टों की स्थापना ।	पारिस्थितिक पर्यटन क्रियाकलापों संबंधी पर्यटकों की लघु संरचनाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर तक या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नए वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात होंगे, अन्यथा नहीं । परंतु, जहाँ पारिस्थितिक संवेदी जोन का सीमा एक किलोमीटर से ज्यादा है वहाँ, एक किलोमीटर से परे और पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक सभी नए पर्यटक क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलाप का विस्तार पर्यटन महायोजना और यथा लागू मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुरुप होगा।
13.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र या पारिस्थितिक संवेदी जोन जो भी निकट हो, की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैरा 6 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके आवासीय उपयोग के लिए उनकी भूमि में संनिर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी । (i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण; (ii) अवसंरचना ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण; (iii) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में फरवरी, 2016 के भीतर सिर्फ गैर- प्रदूषित उद्योगों की स्थापना के वर्गीकरण; (iv) कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुख सुविधाओं जो पारिस्थितिक पर्यटन जिस में सहायक हो गृह वास; और (v) इस अधिसूचना में सूचीबद्ध क्रियाकलापों की सूची : परन्तु ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे । (ख) एक किलोमीटर से परे आंचलिक महायोजना की अनुसार विनियमित होंगे ।

14.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में फरवरी, 2016 के भीतर सिर्फ गैर- प्रदूषित उद्योगों की स्थापना के वर्गीकरण की अनुमति दी जाएगी, जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो । इसके अलावा, गैर-प्रदूषित कुटीर उद्योगों को प्रतिषिद्ध किया जाएगा।
15.	वृक्षों की कटाई।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किंही वृक्षों की कटाई नहीं होगी। (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी।
16.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पाद (एन.टी.एफ.पी.) का संग्रहण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
17.	विद्युत केबलों और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण और केबल बिछाना और अन्य बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। भूमिगत केबल को बढ़ावा दिया जाएगा।
18.	नागरिक सुविधाओं सहित अवसंरचना।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, नियम और विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देश विनियमित होंगे।
19.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, नियम और विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देश विनियमित होंगे।
20.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस और अन्य पर्यटन क्रियाकलाप आदि द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
21.	पहाड़ी ढालों और नदी किनारों का संरक्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
22.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे।
23.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ पशुपालन, पशुपालन कृषि और मछली पालन।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
24.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिस्रांव का निस्सारण।	उपचारित बहिस्रांव के पुनर्चक्रण को प्रोत्साहित करने और अवमल या ठोस अपशिष्टों के निपटान के लिए विद्यमान विनियमों का अनुपालन किया जाएगा। अन्यथा लागू विधियों के अधीन उपचारित बहिस्रांव के पुनर्चक्रण/प्रवाह के निर्वहन को विनियमित किया जाएगा।
25.	सतह और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
26.	खुले कुओं, बोर कुओं, आदि का कृषि और अन्य के लिए उपयोग।	विनियमित और उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों की सख्ती से निगरानी की जाएगी।
27.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
28.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
29.	पारिस्थितिक पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
30.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।

	ग. संवर्धित क्रियाकलाप	
31.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
32.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
34.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
35.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश आदि को सक्रिय रुप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	कृषि जैव विविधता सहित कृषि-वानिकी।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	पारिस्थितिक अनुकूल परिवहन का उपयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	हरित कौशल सहित कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	निम्नीकृत भूमि या वन या आवास प्रत्यावर्तन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. मानीटरी समिति- केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तीन वर्ष की अवधि के लिए निगरीनी समिति गठित करती है, पारिस्थितिक संवेदी जोन की निगरानी प्रभावी के लिए जिसमें निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:--

(1) उपायुक्त, कामरूप (मेट्रो) - अध्यक्ष

(2) पुलिस उपायुक्त, कामरूप (मेट्रो) पूर्व – सदस्य

(3) पुलिस उपायुक्त, कामरूप (मेट्रो), केंद्रीय - सदस्य

(4) निदेशक, असम पर्यटन विभाग- सदस्य

(5) प्रभागीय वन अधिकारी, कामरूप पूर्व विभाग – सदस्य

(6) असम सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट प्रत्येक मामले में तीन वर्ष की अवधि के लिए पारिस्थितिक और पर्यावरण क्षेत्र का एक विशेषज्ञ – सदस्य

(7) पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों (जिसके अंतर्गत विरासत संरक्षण भी है) का प्रत्येक मामले में तीन वर्ष की अवधि के लिए असम राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट एक प्रतिनिधि – सदस्य

(8) परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कामरूप महानगर जिला – सदस्य

(9) प्रभागीय अधिकारी, मृदा संरक्षण प्रभाग, कामरूप महानगर जिला – सदस्य

(10) ज्येष्ठ पर्यावरण इंजीनियर (प्रादेशिक कार्यालय), बामुनीमैदाम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड– सदस्य

(11) महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, कामरूप महानगर जिला – सदस्य

(12) जिला कृषि अधिकारी, कामरूप महानगर जिला– सदस्य

(13) जिला पशुपालन और पशु चिकित्सा अधिकारी, कामरूप महानगर जिला– सदस्य

(14) कार्यपालक इंजीनियर, लोक निर्माण विभाग (सड़क प्रभाग), कामरूप महानगर जिला– सदस्य

(15) कार्यपालक इंजीनियर, लोक निर्माण विभाग (भवन प्रभाग), कामरूप महानगर जिला– सदस्य

(16) सदस्य जैव-विविधता बोर्ड -सदस्य

(17) प्रभागीय वन अधिकारी, गुवाहाटी वन्यजीव प्रभाग - सदस्य-सचिव ।

6. निर्देश निबंधन .-

(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी ।

(3) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा-विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(4) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त, ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(5) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(6) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट **उपाबंध IV** पर उपाबद्ध रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(7) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे ।

8. इस अधिसूचना के उपबंध, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/204/2015-ईएसजेड]

ललित कपूर, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध-I

अमचांग वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा का वर्णन

उत्तर : अमचांग वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन की उत्तरी सीमा भू-भाग (जी पी एस निर्देशांक उ 26° 12′ 14.7″ पू 91° 51′ 29.4″) के उत्तरी भाग में पानीखैती में रेलवे भू-भाग के स्तर को पार करके स्थित पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं.1 से आरंभ होकर और ब्रह्मपुत्र नदी को पोर करती है और 7415 मीटर की दूरी पर (जी पी एस निर्देशांक उ 26° 16′ 15.7″ पू 91° 51′ 26.4″) बिन्दु सं. 2 से मिलती है। इसके बाद यह उत्तर पूर्व दिशा की ओर जाती है। पारिस्थितक संवेद जोन बिन्दु सं. 2 सं पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 3 तक की दूरी 6454 मीटर है सीमा ब्रह्मपुत्र नदी को उत्तर टर के साथ जाती है। और पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 3 (जी पी एस निर्देशांक उ 26° 16′ 56.7″ पू 91° 55′ 14.6″) से मिलती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 3 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु 4 तक यह दक्षिण पूर्व दिशा की और जाती है और ब्रह्मपुत्र नदी को पार करती है और दक्षिण तट से 4983 मीटर (जी पी एस निर्देशांकs उ 26° 15′ 05.3″ पू 91° 57 25.0″) की दूरी पर पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 4 पहँचती है जहाँ कोलोंग नदी मिलती है। पारिस्थितक संवेदी जोन बिन्दु सं. 4 से पारिस्थितिक संवेदी जोन से बिन्दु सं. 5 तक यह 856 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26° 14′ 38.2″ पू 91° 57′ 31.9″) की दूरी पर एस. एच-3 के कोलोंग नदी पुल के दक्षिण-पूर्व कोण की ओर जाती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 5 पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 6 तक सीमा रेखा चंद्रपुर डीगरु पी.डब्ल्यू.डी. सड़क के निकट से होते हुए 2454 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26° 14′ 0.6″ पू 91° 56′ 31.9″) की दूरी पर जाती है पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 6 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 7 तक सीमा राखा रेलवे भू-भाग को पार करने के बाद उसी सड़क पर 977 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26° 13′ 28.9″ पू 91° 56′ 16.1″) की दूरी पर दक्षिण की ओर जाती है।

पूर्व : पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं.7 पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 8 तक सीमा रेखा उसी सड़क के उत्तर किनारे पर 2412 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°13′11.2″ पू 91°57′ 40.8″) की दूरी पूर्व की ओर जाती है और रेलवे भू-भाग के पश्चिम की ओर जाती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं.8 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 9 तक सीमा रेखा चंद्रपुर-डीगरु पी.डब्ल्यू.डी. सड़क के पूर्वी भाग पर 626 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°12′50.9″ पू 91° 57′ 39.5″) की दूरी पर दक्षिण की ओर जाती है पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 9 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 10 तक सीमा रेखा 455 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°12′39.6″ पू 91° 57′ 50.1″) की दूरी पर दक्षिण पूर्व की ओर जाती है। ओर रेलवे भू-भाग को पार करने के बाद डीगरु नदी के पश्चिम तट से मिलती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं.11 तक सीमा रेखा रेलवे भू-भाग को पार करने के बाद चंद्रपुर डीगरु पी.डब्ल्यू.डी. सड़क के दक्षिण किनारे पर 890 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°12′11.4″ पू 91° 57′ 57.3″) की दूरी पर दक्षिण की ओर जाती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 11 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 12 तक सीमा रेखआ पनबरी ग्राम के धानभूमी क्षेत्र से होते हुए 409 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°11′58.1″ पू 91° 57′ 57.5″) की दूरी पर दक्षिण की ओर जाती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं.12 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 13 तक सीमा रेखा बेलगुरी ग्राम के पश्चिम भाग में 3263 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°10′13.9″ पू 91°57′35.6″) की दूरी पर दक्षिण की ओर जाती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं.13 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 14 तक सीमा रेखा बेलगुरी क्षेत्र में 891 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°09′57.3″ पू 91° 57′ 09.3″) की दूरी पर दक्षिण पश्चिम की ओर जाती है पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 14 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 15 तक

सीमा रेखा अमसींगा जोराबट पी.डब्ल्यू.डी. सड़क के उत्तर भाग पर 1106 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°09′27.6″ पू 91° 56′ 46.8″) की दूरी पर दक्षिण की ओर जाती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं.15 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 16 तक सीमा रेखा बमुनखत ग्राम के पश्चिम 1717 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°08′32.6″ पू 91° 56′ 57.3″) की दूरी पर दक्षिण की ओर जाती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं.16 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 17 तक सीमा रेखा बतकुची ग्राम के उत्तरी भाग में 723 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°08′15.5″ पू 91° 56′ 39.4″) की दूरी पर पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं.17 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 18 तक सीमा 1208 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°07′37.9″ पू 91° 56′ 36.9″) की दूरी पर दक्षिण की ओर जाती है और जुगदाल डीगरु तीनीअली सड़क के पूर्वी भाग से मिलती है।

दक्षिण : पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं.18 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 19 तक सीमा रेखा लालमती ग्राम के दक्षिण से 736 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°07′26.0″ पू 91° 56′ 03.9″) की दूरी पर दक्षिण पश्चिम दिशा की ओर जाती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 19 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 20 तक सीमा रेखा नजीराखत क्षेत्र में एन.एच. 37 के उत्तरी भाग में 478 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°07′20.7″ पू 91° 55′ 47.7″) की दूरी पर पश्चिम की ओर जाती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 20 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 21 तक सीमा रेखा नजीराखत क्षेत्र में एन. एच. 37 के उत्तर से 766 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°07′21.3″ पू 91° 55′ 20.1″) की दूरी पर पश्चिम की ओर जाती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 21 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 22 तक सीमा रेखा 774 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°07′17.2″ पू 91° 54′ 52.6″) की दूरी पर पश्चिम की ओर जाती है। और तेपेसिया क्षेत्र में एन.एच 37 के उत्तरी भाग में मिलती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 22 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 23 तक सीमा रेखा दक्षिण पश्चिम दिशा की ओर जाती है। और मेधीकुची क्षेत्र में एन.एच. 37 के दक्षिण से 649 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°07′09.7″ पू 91° 54′19.5″) की दूरी पर एन.एच. 37 को पार करके जाती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 23 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 24 तक सीमा रेखा एन. एच. 37 के उत्तर से 1517 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26° 06′ 56.2″ पू 91° 53′ 27.1″) की दूरी पर पश्चिम की ओर जाती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 24 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 25 तक सीमा रेखा एन. एच. 37 को पार करके 1225 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°06′16.7″ पू 91° 53′ 21.4″) की दूरी पर दक्षिण पश्चिम दिशा की ओर जाती है और मरकदोला आर. एफ से होते हुए पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 25 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 26 सीमा रेखा मरकदोला आर.एफ. से होते हुए 409 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°06′06.4″ पू 91° 53′ 12.1″) की दूरी पर दक्षिण पश्चिम की ओर जाती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 26 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 27 तक सीमा रेखा जोराबट के निकट घनश्याम ग्राम के दक्षिण भाग से 713 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°05′57.32″ पू 91°52′48.5″) की दूरी पर दक्षिण पश्चिम की ओर जाती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 27 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 28 तक सीमा रेखा 375 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°05′57.6″ पू 91° 52′ 35.0") की दूरी पर पश्चिम की ओर जाती है। जोराबट में एन.एच. 37 और एन.एच. 44 के जंक्शन बिंदु से मिलती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 28 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 29 सीमा रेखा 6582 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°07′08.7″ पू 91° 49′19.9″) की दूरी पर खानापारा फ्लाईओवर के एन. एच-37 के दक्षिणी किनारे के साथ जाती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 23 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 26 तक पी. ए. सीमा और पारिस्थितिक संवेदी जोन सीमा के बीच की दूरी 300 मीटर है।

पश्चिम : पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 29 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 30 तक सीमा रेखा 1083 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°07′42.5″ पू 91°49′08.3″) की दूरी पर उत्तर की ओर जाती है और वेटेरनरी कॉलेज हॉस्टल, खानापारा के पीछे से जाती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 30 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 31 तक सीमा रेखा संकरदेव कालाखेता के उत्तर भाग के साथ 566 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°07′09.3″ पू 91°49′16.6″) की दूरी पर उत्तर की ओर जाती है इसके बाद छहमील-पनजाबरी पी.डब्ल्यू.डी. सड़क के दक्षिण भाग से मिलती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 31 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 32 तक सीमा रेखा छह मील पनजाबरी सड़क के साथ जाती है यह 1141 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°08′07.4″ पू 91° 50′03.7″) की दूरी पर आर्मी गेट से मिलती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 32 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 33 तक सीमा रेखा नरेनगी आर्मी कैट से होते हुए 2807 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26° 08′15.1″ पू 91° 51′07.5″) की दूरी पर पूर्व दिशा की ओर जाती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 33 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 34 तक सीमा रेखा 1812 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26° 08′53.3″ पू 91°51′57.2″) की दूरी पर उत्तर-पूर्व दिशा की ओर जाती है और नरेनगी आर्मी कैंट से होते हुए जाती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 34 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 35 तक सीमा रेखा 2183 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26° 09′04.1″ पू 91° 50′39.5″) की दूरी पर उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर जाती है और सतगाँव आर्मी गेट के दक्षिण भाग से मिलती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 35 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 36 तक सीमा रेखा 760 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26° 09′25.7″ पू 91° 50′26.2″) की दूरी पर उत्तर की ओर जाती है और पथरकुररी तीनीअली में खानापारा-नरेनगी वी.आई.पी एक्सप्रेस राजमार्ग से मिलती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 36 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 37 सीमा रेखा खानापारा नरेनगी वी.आई.पी. एक्सप्रेस राजमार्ग के पूर्वी भाग के साथ दमल बील (जल निकाय) को ढंककर नरेनगी तीनीअली के 1842 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26° 10′12.1″ पू 91° 49′44.3″) की दूरी पर जाती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 37 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 38 तक सीमा रेखा 1081 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26° 10′46.3″ पू 91° 49′53.2″) की दूरी पर नरेनगी तीनीअली के निकट रेलवे भू-भाग को पार करने के बाद विद्यार्थी भवन के उत्तर की ओर जाती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 38 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 39 तक सीमा रेखा 714 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ26°10′59.6″ पू91° 50′14.3″) की दूरी पर उत्तर पूर्व दिशा की और जाती है जहाँ यह बोनदजन के रेलवे भू-भाग (नरेनगी-डीगरु) से मिलती है। पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 39 से पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं. 1 तक सीमा रेखा 3113 मीटर (जी पी एस निर्देशांक उ 26°12′14.7″ पू 91° 51′29.4″) की दूरी पर रेलवे भू-भाग के साथ उत्तर पूर्व दिशा की ओर जाती है और पानीखाइनी रेलवे स्तर के पार करके पारिस्थितिक संवेदी जोन बिन्दु सं.1 से मिलती है।

उपाबंध-II

अमचांग वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले राजस्व ग्रामों की सूची

क्र. सं.	ग्राम	जिला
1.	कमरकुची ग्राम	कमरूप
2.	झर गांव	कमरूप
3.	चागोली गांव	कमरूप
4.	पतरकुछी	कमरूप

5.	हातीमुरा	कमरूप
6.	जुगदल ग्राम	कमरूप
7.	मेधीकुची ग्राम	कमरूप
8.	गरिया घुली ग्राम	कमरूप
9.	घनश्याम बस्ती	कमरूप
10.	बोटाघुली (इसुब नगर)	कमरूप
11.	झरना बस्ती	कमरूप
12.	घुली गांव	कमरूप
13.	हस्तिनापूर	कमरूप
14.	हल्दीबरी ग्राम	कमरूप
15.	नजीराखत	कमरूप
16.	बोटाकुची ग्राम	कमरूप
17.	बेलगुरी बस्ती	कमरूप
18.	कलीताकुची बस्ती	कमरूप
19.	टालटोला तलटोल नेपाली बस्ती	कमरूप
20.	इमली बस्ती	कमरूप
21.	सतगांव	कमरूप
22.	सं1सतटोल बस्ती	कमरूप
23.	खानापारा (एन.के बस्ती)	कमरूप
24.	मधहन नगर	कमरूप
25.	नावाज्याति नगर	कमरूप
26.	अमगांव टातीबगन	कमरूप
27.	बारीकुची ग्राम	कमरूप
28.	ठाकुरकुची ग्राम	कमरूप
29.	हजमबोरी ग्राम	कमरूप
30.	हतीसीला पहर	कमरूप
31.	ईकोरा बस्ती	कमरूप
32.	लाहापारा(पानीखाईती)	कमरूप
33.	पानीखाईती रलीगेट	कमरूप
34.	पनबरी ग्राम	कमरूप
35.	गारोबस्ती रोजाकुची	कमरूप
36.	बीरकुची सं. 2	कमरूप
37.	गांधी नगर(पानीखती)	कमरूप

उपाबंध-III

अक्षांश और देशांतर सहित अमचांग वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र

ECO-SENSITIVE ZONE OF AMCHANG WILDLIFE SANCTUARY



ECO-SENSITIVE ZONE OF AMCHANG WILDLIFE SANCTUARY



अमचांग वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन के सीमा के बिन्दुओं का जी. पी. एस. निर्देशांक

क्र. सं.	अक्षांश	देशांतर
1	उ26° 12' 14.7"	पू 91° 51' 29.4"
2	उ26° 16' 15.7"	पू 91° 51' 26.4"
3	उ26° 16' 56.7"	पू 91° 55' 14.6"
4	उ26° 15' 05.3"	पू 91° 57' 25.0"
5	उ26° 14' 38.2"	पू 91° 57' 31.9"
6	उ26° 14' 00.6"	पू 91° 56' 13.9"
7	उ26° 13' 28.9"	पू 91° 56' 16.1"
8	उ26° 13' 11.2"	पू 91° 57' 40.8"
9	उ26° 12' 50.9"	पू 91° 57' 39.5"
10	उ26° 12' 39.6"	पू 91° 57' 50.1"
11	उ26° 12' 11.4"	पू 91° 57' 57.3"
12	उ26° 11' 58.1"	पू 91° 57' 57.5"
13	उ26° 10' 13.9"	पू 91° 57' 35.6"
14	उ26° 09' 57.3"	पू 91° 57' 09.3"
15	उ26° 09' 27.6"	पू 91° 56' 46.8"
16	उ26° 08' 32.6"	पू 91° 56' 57.3"
17	उ26° 08' 15.5"	पू 91° 56' 39.4"
18	उ26° 07' 37.9"	पू 91° 56' 26.9"
19	उ26° 07' 26.0"	पू 91° 56' 03.9"
20	उ26° 07' 20.7"	पू 91° 55' 47.7"
21	उ26° 07' 21.3"	पू 91° 55' 20.1"
22	उ26° 07' 17.2"	पू 91° 54' 52.6"
23	उ 26° 07' 09.7"	पू 91° 54' 19.5"
24	उ26° 06' 56.2"	पू 91° 53' 27.1"
25	उ26° 06' 16.7"	पू 91° 53' 21.4"
26	उ26° 06' 06.4"	पू 91° 53' 12.1"
27	उ26° 05' 57.3"	पू 91° 52' 48.5"
28	उ25° 05' 57.6"	पू 91° 52' 35.0"
29	उ26° 07' 08.7"	पू 91° 49' 19.9"
30	उ26° 07' 42.5"	पू 91° 49' 08.3"
31	उ26° 07' 59.3"	पू 91° 49' 16.6"
32	उ26° 08' 06.6"	पू 91° 49' 26.9"
33	उ26° 08' 15.1"	पू 91° 51' 07.5"
34	उ26° 08' 53.3"	पू 91° 51' 57.2"

35	उ26° 09' 04.1"	पू 91° 50' 39.5"
36	उ26° 09' 25.7"	पू 91° 50' 26.2"
37	उ26° 10' 12.1"	पू 91° 49' 44.3"
38	उ26° 10' 46.3"	पू 91° 49' 53.2"
39	उ26° 10' 59.6"	पू 91° 50' 14.3"

उपाबंध-IV

पारिस्थितिक संवेदी जोन निगरानी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और तिथि ।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सारांश ।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 7th May, 2017

S.O. 1817(E).—WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, vide notification of the Government of the India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O 1166(E), 21st March, 2016, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, no objections and suggestions received from persons and stakeholders in response to the draft notification;

AND WHEREAS, the Amchang Wildlife Sanctuary situated in Kamrup District of State of Assam consists of Amchang Reserve Forest, South Amchang Reserve Forest and Khanapara Reserve Forest and located within the geographical limits of 26° 13′N to 26° 06′ N latitude and 91° 50′ E to 91° 58′ longitude and is spread over an area of 78.64 square kilometers;

AND WHEREAS, major portion of the sanctuary is undulating and covered by hillocks which forms a unique geomorphologic feature with unique wildlife habitat and the Amchang Wildlife Sanctuary represents one of the rich and ecologically diverse habitat for the wide variety of animals and plant species. Hollockgibbon, Chinese pangolin, Flying squirrel, Assamese Macaque, Capped languor, Slow loris, Leopard, Elephant, Sambar, Barking Deer, Gaur etc., are the principal animals found in the wildlife sanctuary. In addition to these a wide variety of avian fauna, reptiles, amphibians and insects are found in the wildlife sanctuary;

AND WHEREAS, the sanctuary is located on the eastern limit of Guwahati city and the increase in biotic pressure in the fringe areas can affect the habitat of the sanctuary;

AND WHEREAS, it is necessary to conserve and protect the area, the extent and boundaries of which are specified in paragraph 1 of this notification around the protected area of Amchang Wildlife Sanctuary as Eco-sensitive Zone from ecological and environmental point of view and to prohibit industries or class of industries and their operations and processes in the said Eco-sensitive Zone.

NOW THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section(1) and clauses (v) and (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act 1986 (29 of 1986) read with sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, the Central Government hereby notifies an area of Amchang Wildlife Sanctuary in the State of Assam as the Amchang Wildlife Sanctuary Eco-sensitive Zone (herein after referred to as the Eco-sensitive Zone) details of which are as under, namely:-

1. Extent and Boundaries of Eco-sensitive Zone.—

(1) The Eco-sensitive Zone is spread over an area of 109.99 square kilometres with an extent varying from 170 meters to 8.1 kilometre (zero Eco-sensitive Zone extent on west side due to the presence of the Cantonment area) around the boundary of Amchang Wildlife Sanctuary and boundary description of Eco-sensitive Zone of such is given in **Annexure-I.**

(2)The list of 37 villages falling with the Eco-sensitive Zone is appended as **Annexure-II**.

(3) The map of the Eco-sensitive Zone along with latitude and longitude is appended as **Annexure-III.**

